**ऐरा/20019/सीजीएफ-जी/2010-11/ खंड-IX/पार्ट फाइल**

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण**

**<u>आदेश संख्या 20/2023-24 का परिशिष्ट</u>**

ऐरा भवन,
प्रशासनिक कॉमप्लेक्स,
सफदरजंग हवाईअड्डा,
नई दिल्ली– 110003

**जारी करने की तारीख : 29 जनवरी, 2024**

**विषय : एक्सप्रेस इंडस्ट्री काउंसिल ऑफ़ इंडिया के संबंध में बैंगलुरू हवाई अड्डे पर कूरियर/एक्सप्रेस कार्गो सेवाएं प्रदान करने के लिए मौजूदा टैरिफ वसूल करने की अवधि 31.03.2024 तक बढ़ाने के लिए अंतरिम व्यवस्था संबंधी दिनांक 27.09.2023 के आदेश संख्या 20/2023-24 का परिशिष्ट**

मैसर्स एक्सप्रेस इंडस्ट्री काउंसिल ऑफ़ इंडिया (ईआईसीआई) ने कैंपेगोड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (केआईए), बैंगलुरू में कूरियर/एक्सप्रेस कार्गो सेवाएं प्रदान करने के लिए दिनांक 21.09.2023 के पत्र द्वारा प्राधिकरण से यह अनुरोध किया है कि उसे मौजूदा टैरिफ वसूल करने की अवधि 31.03.2024 तक बढ़ाने की अंतरिम व्यवस्था की अनुमति दी जाए क्योंकि उन्हें आशंका है कि जनवरी, 2024 के अंत तक बैंगलुरू हवाईअड्डे पर उनका प्रचालन बंद हो जाएगा।

2. तदनुसार प्राधिकरण ने दिनांक 27.09.2023 के अपने आदेश संख्या 20/2023-24 द्वारा मैसर्स ईआईसीआई के संबंध में बैंगलुरू हवाईअड्डे पर कूरियर/एक्सप्रेस कार्गो सेवाएं प्रदान करने के लिए 30.09.2023 को लागू मौजूदा टैरिफ 31.01.2024 तक वसूल करने के लिए तदर्थ आधार पर अनुमोदन प्रदान कर दिया।

3. तत्पश्चात मैसर्स ईआईसीआई ने दिनांक 15.01.2024 के पत्र संख्या ईआईसीआई/मेमो/161 द्वारा प्राधिकरण को सूचित किया कि बैंगलुरू हवाईअड्डे पर कॉमन यूजर एक्सप्रेस टर्मिनल प्रचालन का कार्य संभालने के इच्छुक भावी प्रचालक मैसर्स एयर इंडिया सेट्स ने विनियामक अनुमति के लिए आवेदन किया है और वे संबंधित प्राधिकरणों से अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

4. उपर्युक्त को ध्यान में रखकर स्वंतत्र सेवा प्रदाता ने प्राधिकरण से यह अनुरोध किया कि अंतरिम टैरिफ (31.01.2024 की स्थिति के अनुसार) को आगे 31.03.2024 तक बढ़ा दिया जाए।

5. उपर्युक्त को ध्यान में रखकर प्राधिकरण एक्सप्रेस इंडीस्ट्री काउंसिल ऑफ इंडिया (ईआईसीआई) को कैंपेगोड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (केआईए), बैंगलुरू में कूरियर/एक्सप्रेस कार्गो सेवाएं प्रदान करने के लिए मौजूदा टैरिफ (31.01.2024 को लागू) की वूसली आगे 2 माह तक (अर्थात 01.02.2024 से 31.03.2024 तक) बढ़ाने का निर्णय लेता है।

**प्राधिकरण की ओर से जारीकर्ता**

**(सुयश नारायण)**
**सचिव**

**सेवामें,**

**श्री नितिन दवे**, **निदेशक**,
मैसर्स एक्सप्रेस इंडस्ट्री काउंसिल ऑफ इंडिया,
501, क्रिस्टल सेन्टर, रहेजा विहार,
ऑफिस चांदीवाली फॉर्म रोड़, मुम्बई-400072

**प्रतिलिपि सूचनार्थ :**

1. सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली-110003
2. श्री हरी मरार, प्रबंध निदेशक, बैंगलुरू अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड, अल्फा-2, प्रशासनिक ब्लॉक, देवनहल्ली, बैंगलुरू -560300